“हर घर से एक रोटी” अभियान जनता की मांग पर बेजुबानों की मदद के लिये निगम का नवाचार हूपरों के माध्यम से हर घर से एकत्रित की जायेगी एक-एक रोटी

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
01-04-2020-2.docx (http://103.203.138.54/news/205599/document/01-04-2020-2.docx)

DESCRIPTION

“हर घर से एक रोटी” अभियान
जनता की मांग पर बेजुबानों की मदद के लिये निगम का नवाचार
हूपरों के माध्यम से हर घर से एकत्रित की जायेगी एक-एक रोटी

जयपुर, 01 अप्रैल। आमजन द्वारा निराश्रित पशुओं की मदद की मांग को देखते हुये जयपुर नगर निगम ‘हर घर से एक रोटी’ अभियान शुरू करने जा रहा है। नगर निगम के हूपर हर घर से एक-एक रोटी एकत्रित करेंगे ताकि निराश्रित पशुओं को रोटी पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि आमजन द्वारा लगातार यह मांग की जा रही थी कि वे निराश्रित पशुओं को रोटी पहुंचाना चाहते है, किन्तु लॉकडाउन की वजह से बाहर निकलना संभव नहीं हो रहा है।

इस प्रकार एकत्रित की जायेगी रोटियांः-

नगर निगम के 600 हूपर प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिये 5 से 6 लाख घरों को कवर करते है। अब ये हूपर रोटी भी एकत्रित करेंगे। नगर निगम प्राधिकारी एवं आयुक्त विजयपाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक हूपर पर दो कट्टे लगाये गये है। इन कट्टों में घर-घर से मिलने वाली रोटियों को एकत्रित किया जायेगा। वहां से इनकों शहर में 13 स्थानों पर बने ट्रांसफर स्टेशनों तक पहुंचाया जायेगा। सभी स्टशनों पर बडे तिरपाल रखवाये गये है। इन तिरपालों पर घरों से प्राप्त रोटियों को एकत्रित किया जायेगा।

इस प्रकार होगा वितरणः-

दोपहर 12 बजे तक कचरा संग्रहण का कार्य पूरा होने के बाद 13 हूपरों के माध्यम से एकत्रित रोटियों को निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विभिन्न स्थानों पर भिजवाया जायेगा। जहां भी निराश्रित पशु मिलेगे, वहां यह रोटियां डलवाई जायेगी। इसके बाद यदि रोटियां बचती है तो उन्हें गौशाला भिजवा दिया जायेगा।

आमजन की मांग को देखते हुये लिया निर्णयः-

अतिरिक्त आयुक्त अरूण गर्ग ने बताया कि निगम द्वारा अपने स्तर पर भी निराश्रित पशुओं एवं पक्षियों के लिये खाने एवं पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। किन्तु आमजन द्वारा लगातार यह मांग की जा रही थी कि वे बेजुबानों के लिये भोजन की व्यवस्था करना चाहते है। इसी को देखते हुये यह निर्णय लिया गया है।